राष्ट्रीय ख़बर राजधानी
हमारी नज़र

रांची बुधवार 13:02:2019 3

झारखंड के रंजीत पांडे बने आईसीएसआई के नए अध्यक्ष

रांची : झारखंड के रंजीत पांडे बने आईसीएसआई के नए अध्यक्ष सी एस रणजीत पांडे, को 19 जनवरी, 2019 को वर्ष 2019 के लिए भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। सी एस रंजीत पांडे का जन्म झारखंड के पलामू जिले में हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा झारखंड से ही हुई। सी एस रंजीत पांडे भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान के फैलो सदस्य हैं। वह एक इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल भी है, जो आई बी बीआई के साथ पंजीकृत है। वह विधि संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय से विधि स्नातक के साथ-साथ विज्ञान स्नातक भी हैं। वह विजन न्यू आईसीएसआई 2022 में परिषद के नामांकित व्यक्ति है। सी एस रणजीत पांडे वर्ष 2015, 2016, 2018 के लिए आईसीएसआई के सचिव मानकबोर्ड एसएसबी के सदस्य थे। इसके अलावा वह कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत कार्य करने के लिए कारपोरेट कार्यमंत्रालय की कार्य समिति के सदस्य भी थे। सी एस रंजीत पांडे आईसीएसआई की स्वर्णजयंती आयोजन समिति के अध्यक्ष भी थे। वह 2015-2018 के लिए आईसीएसआई के एक निर्वाचित केंद्रीय परिषद् के सदस्य थे,और 2019-2022 के लिए फिर से चुने गए। सी एस रणजीत पांडे दो कार्यकालों अर्थात् 2007-2010 और 2011-2014 के लिए आईसीएसआई के एनआईआरसी के क्षेत्रीय परिषद् के सदस्य थे और वर्ष 2011 के लिए आईसीएसआई के एनआईआरसी में अध्यक्ष भी रहे हैं।सी एस रणजीत पांडे बैंक,उद्योग मंडलों,आईसीएसआई और आईसीएआई द्वारा आयोजित विभिन्न संगोष्ठियों,सम्मेलनों और कार्यशालाओं में एक प्रमुख वक्ता हैं। उन्होंने आईसीएसआई प्रकाशनों के लिए कम्पनी विधि पर कई लेख लिखे हैं। सी एस रणजीत पांडे को कॉर्पोरेट और वाणिज्यिक विधि के क्षेत्रों में 15 वर्षों का अनुभव है और 2004 से कंपनी सचिव के रूप में अभ्यास कर रहे हैं। वह विलय,समामेलन, अधिग्रहण और कॉर्पोरेट पुनर्गठन, दिवालिया और दिवालियापन,वाणिज्यिक अनुबंध और समझौते, सेबी और पूंजी बाजार के मामले,लेख परीक्षा, अनुपालन और शिकायत और व्यापार क्षेत्र में कॉर्पोरेट के सलाहकार हैं। सी एस रंजीत पांडे को अध्यक्ष चुनने के साथ ही भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान ने सी एस आशीष गर्ग,को 19 जनवरी, 2019 को वर्ष 2019 के लिए भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान के उपाध्यक्ष के रूप में चुना है।